मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-310
09/05/2023

# पूर्व विधान पार्षद स्व0 सोनेलाल मेहता के श्राद्धकर्म में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 09 मई 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज पूर्व विधान पार्षद स्व0 सोनेलाल मेहता के श्राद्धकर्म में शामिल हुये। मुख्यमंत्री खगड़िया जिले के खगड़िया प्रखण्ड स्थित सनहौली गॉव स्थित आवास जाकर स्व0 सोनेलाल मेहता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

इस मौके पर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, विधायक श्री पन्ना लाल पटेल, विधायक श्री छत्रपति यादव सहित जनप्रतिनिधिगण, परिवार के सदस्यगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी स्व0 सोनेलाल मेहता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

*******